प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत इंडी गठबंधन के कई नेता होंगे शामिल, पीएम मोदी और गृह मंत्री को भी आमंत्रण।
2. नई सरकार में भागीदारी को लेकर कांग्रेस और राजद में बैठक का दौर जारी, दोनों दलों से एक–एक नेता मंत्री पद की लेंगे शपथ।
3. ईडी के समन की अवहेलना के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोएमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट देने से किया इनकार।
4. झारखंड हाईकोर्ट ने पशु चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का दिया आदेश।
5. मौसम विभाग ने राज्य में 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक आंशिक बादल छाये रहने और सुबह में कोहरे और धुंध का असर रहने का जताया अनुमान।

*****************

झारखंड की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में 28 नवंबर को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत देश की कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी न्योता दिया गया है। आमंत्रण देने खुद कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय से नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन दिल्ली गए। वहां देश के प्रमुख राजनीतिक चेहरों को इंडिया गठबंधन की नई अबुआ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह शामिल होने का आमंत्रण दिया। समारोह में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के भी आने की संभावना है। शपथ ग्रहण मोरहाबादी मैदान में होगा।

*****************

राज्य में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गयी है। मंत्रिमंडल का खाका तय करने को लेकर विचार–विमर्श का दौर जारी है। सरकार में भागीदारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की।

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रभारी जय प्रकाश यादव और वरिष्ठ नेता भोला सिंह ने कहा कि मंत्रिमंडिल में पार्टी की भागीदारी पर अंतिम फैसला पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव करेंगे।

*****************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में झामुमो द्वारा अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद झामुमो की ओर से भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के आरोपों को खारिज किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव में पैसों के लेन–देन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता आपस में ही लड़ रहे हैं। इससे झामुमो का कोई लेना–देना नहीं है।

****************

ईडी के समन की अवहेलना के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची की एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट देने से इनकार कर दिया है। हेमंत सोरेन ने 5 जुलाई को अदालत में याचिका दाखिल कर उन्हें व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देने का आग्रह किया था। एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने श्री सोरेन की याचिका पर सुनवाई और दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से बुलाया है और चार दिसंबर की तारीख निर्धारित की है।

****************

झारखंड हाईकोर्ट ने एलोपैथिक चिकित्सकों की तर्ज पर राज्य के पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का आदेश दिया है। इस संबंध में राज्य सरकार के पशुपालन विभाग में वर्ष 1980 से पशु चिकित्सक के रूप में कार्यरत रतन दुबे और अन्य पांच लोगों ने याचिका दाखिल की थी।

****************

टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम और वीरेंद्र राम की डिस्चार्ज पिटीशन पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी है। सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका खारिज होने के बाद अब इस केस का ट्रायल जारी रहेगा।

****************

इस वर्ष आयोजित किए जा रहे युवा संगम कार्यक्रम के पांचवें चरण के तहत कल आईआईटी आईएसएम धनबाद से झारखंड टीम को उत्तराखंड ले जाया जाएगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

झारखंड में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए धान खरीदारी की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी। इस विपणन वर्ष में धान खरीद के लिए 6 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लिए लक्ष्य 2.3 लाख एमटी और सेंट्रल पुल के लिए 3.7 लाख एमटी निर्धारित है।

****************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में झारखंड के गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाने का चयन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 नवंबर को भुवनेश्वर के कन्वेंशन सेंटर लोक सेवा भवन में निमियाघाट के थाना प्रभारी को सम्मानित करेंगे। जानकारी के अनुसार गृह मंत्रालय की टीम हर साल देश के विभिन्न राज्यों में थानों का निरीक्षण करती है और रिपोर्ट के आधार पर सर्वश्रेष्ठ थाने का चयन करती है।

****************

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि झारखंड में 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इसके साथ ही सुबह के समय कोहरा या धुंध का भी असर रहेगा। विभाग ने कहा कि इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। रांची और इसके आस–पास के मौसम की बात करें तो सुबह कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। तापमान की बात करें तो मंगलवार को सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने झारखंड में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

प्रभात खबर ने लिखा है– जल्द जारी होगा सीएमपीडीआई और बीसीसीएल का आइपीओ, मिली मंजूरी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– महाराष्ट्र में अगले मुख्यमंत्री पर संशय बरकरार।

हिंदुस्तान का मुख्य शीर्षक है– जेपीएससी घोटाले में 12 वर्ष बाद 70 पर चार्जशीट।

दैनिक भास्कर ने राज्य में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर लिखा है– राजतिलक की तैयारी, हेमंत अकेले लेंगे शपथ, मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में।

अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने धनबाद में आइटीबीपी जवान की आत्महत्या की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

******समाप्त***********